# विदेश में चीनी के भाव मजबूत



न्यूयॉर्क • विदेशी बाजारों में चीनी वायदा के भाव करीब दो माह के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। ग्रीस में कर्ज संकट सुलझने की दिशा में प्रगति आने के कारण निवेशक चीनी वायदा सौदों में शॉर्ट कवरिंग में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे थे। इन निवेशकों की खरीद से ही रॉ शुगर और व्हाइट शुगर फ्यूचर में मजबूती आई। आईसीई एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी रॉ शुगर 0.28 सेंट (1.1 फीसदी) बढ़कर शुक्रवार को 24.89 सेंट प्रति पाउंड से स्तर पर पहुंच गई। लंदन के लिफ्फे एक्सचेंज में व्हाइट शुगर मार्च फ्यूचर चार डॉलर (0.6 फीसदी) बढ़कर 650.60 डॉलर प्रति टन हो गई। सुसडेन फाइनेंशियल के निक पेनी ने कहा कि चीनी उत्पादक देशों में प्रतिकूल मौसम से मूल्य में मजबूती दर्ज की गई। कारोबारी चीनी के मूल्य को लेकर तेजी की धारणा लेकर चल रहे हैं।